an>

Title: Need to withdraw the decision to abolish the post of Senior Superintendent of Post Offices in Saharanpur, Uttar Pradesh.

श्री राघव लखनपाल (सहारनपुर) ः मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत जनपद सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) में आज़ादी मिलने के बाद से वर्तमान तक डाक विभाग में एस.एस.पी. डाक का पद सृजित था। किन्तु अब अचानक संचार मंत्रालय द्वारा उक्त पद को सहारनपुर में डाउनग्रेड कर एस.पी. स्तर का कर दिया गया है जो कि सहारनपुर की जनता के साथ अन्याय है।

जनपद सहारनपुर एक प्राचीन जनपद है, जिसके अंतर्गत पूर्व में हरिद्वार एवं मुजफ्फरनगर का क्षेत्र भी आता था, वर्तमान में सहारनपुर मण्डल मुख्यालय भी है। लगभग 34,64,228 की जनसंख्या इस जनपद की वर्ष 2011 के आंकड़ों के अनुसार है। हस्तशिल्प, वुडकार्विंग का व्यवसाय, हौजरी कपड़े का उत्तर भारत का रायवाला मार्केट, आई.टी.सी. उद्योग, स्टार पेपर मिल आदि प्रमुख रूप से व्यापार का जनपद केन्द्र है तथा देश का सबसे पुराना डाक प्रशिक्षण केन्द्र भी जनपद सहारनपुर में स्थित है।

ऐसे महत्वपूर्ण एवं प्राचीन जनपद में एस.एस.पी. डाक का पद समाप्त करने से इस जनपद में डाक विभाग की कार्यक्षमता पर गहरा प्रभाव पड़ेगा और इसका आधुनिकीकरण भी प्रभावित होगा, जिसमें यहाँ प्रस्तावित विभाग के हाईटेक भवन एवं ए.टी.एम. के विस्तारीकरण सहित कई योजनाएं प्रभावित हो जायेगी। यहां होने वाली विभाग की नयी नियुक्तियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।